Prepp

Practice, Learn and Achieve Your Goal with Prepp

# UGC NET Exam

## Pub Admin

Simplifying
**Government Exams**

SSC CHSL | IAS EXAM | RRB NTPC | NTSE | CDS
SSC CGL | CBSE UGC NET | IBPS PO | NDA
SBI PO | IBPS CLERK | AFCAT | SSC JE | CTET
CSIR UGC NET | CAPF | IBPS RRB

www.prepp.in

# PAPER-II
# PUBLIC ADMINISTRATION

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ____________________________
   (Name) ____________________________
2. (Signature) ____________________________
   (Name) ____________________________

OMR Sheet No. : ...............................................
(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | | |
(In figures as per admission card)

Roll No.____________________________________
(In words)

| J | 1 | 4 | 1 | 2 |
|---|---|---|---|---|

Time : **1 $^1/_4$** hours] [Maximum Marks : **100**

Number of Pages in this Booklet : **20**

Number of Questions in this Booklet : **50**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** Ⓐ Ⓑ ● Ⓓ
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Paper I Booklet only.** If you mark at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the test question booklet and Original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are, however, allowed to carry duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात् किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
   (iii) इस जाँच के बाद OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है ।
   **उदाहरण :** Ⓐ Ⓑ ● Ⓓ
   जबकि (C) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पत्र I के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं । यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर प्रश्न-पुस्तिका एवं मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें । हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर OMR पत्रक की डुप्लीकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं ।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें ।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई अंक काटे नहीं जाएँगे ।**



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

## PUBLIC ADMINISTRATION
## Paper – II

**Note :** This paper contains **fifty (50)** objective type questions, each question carrying **two (2)** marks. Attempt **all** the questions.

**1.** The emergence of New Public Administration is associated with
(A) American Society of Public Administration
(B) Comparative Administration Group
(C) Indian Institute of Public Administration
(D) Minnowbrook Conference

**2.** Factors responsible for the evolution of the study of Comparative Public Administration is/are
(A) Inadequacy of Traditional Approach
(B) Rise of New Techniques and concepts of Research
(C) Desire to develop Comparative Public Administration as an independent subject
(D) All the above

**3.** A.V. Dicey has given classical exposition of the Rule of Law in his book
(A) Introduction to the study of the Law of the Constitution
(B) Comparative study of the Constitution
(C) Justice and Administrative Law
(D) Public Administration : A Comparative Perspective

**4.** Who among the following used the expression 'cow sociologists' for Hawthorne researchers ?
(A) Herbert Simon
(B) Peter Drucker
(C) United Auto Workers in the USA
(D) Comparative Administration Group

**5.** Which one of the following is not correct according to Weber's Charismatic Authority ?
(A) It is based on the exceptional qualities of the leader.
(B) Administration under this authority is stable.
(C) There is no hierarchical assignment of tasks under this authority.
(D) On the death of a leader under this authority, the question of succession arises.

**6.** A prismatic society is characterised by
(A) a high degree of homogeneity
(B) a high degree of heterogeneity
(C) a high degree of flexibility
(D) None of the above

**7.** Which one of the following reasons is not attributed to the emergence of Development Administration ?
(A) Abundance of research funding with the CAG
(B) Financial and technical assistance under the USAID programme
(C) Abundance of knowledge and managerial skills in developing countries
(D) Desire for administrative development in developing countries

**8.** The USA introduced the performance budgeting after the II World War on the recommendations of
(A) Grace Commission
(B) Hoover Commission
(C) Lee Commission
(D) Islington Commission



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

# लोक प्रशासन

## प्रश्नपत्र – II

**निर्देश :** इस प्रश्नपत्र में **पचास** (50) बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो** अंक है । **सभी** प्रश्नों के उत्तर दें ।

**1.** नव लोक प्रशासन का अभ्युदय किससे संबद्ध है ?
(A) अमेरिकन सोसाइटी ऑफ पब्लिक ऐडमिनिस्ट्रेशन
(B) तुलनात्मक लोक प्रशासन समूह
(C) भारतीय लोक प्रशासन संस्थान
(D) मिन्नोब्रुक सम्मेलन

**2.** तुलनात्मक लोक प्रशासन के अध्ययन के आविर्भाव के कारक तत्त्व कौन से हैं ?
(A) पारम्परिक उपागम की अपर्याप्तता
(B) शोध की नवीन तकनीकों तथा विचारों का उपयोग
(C) लोक प्रशासन को एक स्वतंत्र विषय के रूप में विकसित करने की इच्छा
(D) उपरोक्त सभी

**3.** ए वी डायसी से अपनी किस पुस्तक में कानून के शासन की शास्त्रीय व्याख्या दी है ?
(A) इंट्रोडक्शन टू दि स्टडी ऑफ दि लॉ ऑफ दि कंस्टीट्यूशन
(B) कंपेरेटिव स्टडी ऑफ कंस्टीट्यूशन
(C) जस्टिस ऐण्ड ऐडमिनिस्ट्रेटिव लॉ
(D) पब्लिक ऐडमिनिस्ट्रेशन : ए कंपेरेटिव पर्सपेक्टिव

**4.** हॉथ्रोन शोधकर्ताओं के लिए ‘काउ सोशिओलॉजिस्ट’ अभिव्यक्ति का प्रयोग किसने किया था ?
(A) हर्बर्ट साइमन
(B) पीटर ड्रकर
(C) अमेरिकी यूनाइटेड ऑटो वर्कर्स
(D) तुलनात्मक प्रशासन समूह

**5.** वेबर द्वारा प्रतिपादित करिश्माकारी सत्ता के अनुसार निम्नलिखित में से कौन सा सही नहीं है ?
(A) यह नेता के असाधारण गुणों पर आधारित है ।
(B) इस सत्ता के तहत प्रशासन स्थिर होता है ।
(C) इस प्रकार की सत्ता में कार्यों को पदानुक्रमिक रूप में नहीं सौंपा जाता ।
(D) इस सत्ता में नेता की मृत्यु के बाद नया नेता कौन होगा यह प्रश्न उठ खड़ा होता है ।

**6.** एक प्रिज्मीय समाज का विशिष्ट लक्षण क्या है ?
(A) उच्च स्तरीय समरूपता
(B) उच्च स्तरीय विषमता
(C) उच्च स्तरीय नमनीयता
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

**7.** निम्नलिखित में से किसे विकास प्रशासन के अभ्युदय का कारण नहीं माना जाता है ?
(A) सी ए जी के पास शोध निधिकरण की प्रचुरता
(B) यू एस ए आई डी कार्यक्रम के अंतर्गत वित्तीय एवं तकनीकी सहायता
(C) विकासशील देशों में ज्ञान तथा प्रबंधकीय कौशलों की प्रचुरता
(D) विकासशील देशों में प्रशासकीय विकास की इच्छा

**8.** द्वितीय विश्व युद्ध के बाद अमेरिका में निष्पादन बजटन (परफॉर्मेंस बजटिंग) की शुरुआत किसकी सिफारिश पर की गई ?
(A) ग्रेस आयोग
(B) हूवर आयोग
(C) ली आयोग
(D) इस्लिग्टन आयोग



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

9. What is not true about the Constituent Assembly ?
   (A) It was based on the recommendations of Cabinet Mission.
   (B) It was constituted by indirect elections.
   (C) At least one seat was given to each Indiasn State.
   (D) Seats in each Province were distributed among the three main communities in proportion to their population.

10. Which of the following is not correctly matched ?
   (A) Cabinet Secretary – Head of the Union Cabinet
   (B) Chief Secretary – Head of State Secretariat
   (C) Secretary – Administrative Head of a Ministry
   (D) Chief Minister – Head of the State Government

11. Which of the following is not a Constitutional Body ?
   (A) Inter-State Council
   (B) Finance Commission
   (C) Union Public Service Commission
   (D) National Development Council

12. Which of the following is not correct about the Budget in India ?
   (A) The President of India has to put it before both the Houses every financial year.
   (B) It is a statement of estimated receipts and expenditures of the Government of India.
   (C) The Constitution refers to it as annual financial statement.
   (D) The Indian Constitution clearly mentioned the word Budget.

13. Which one of the following machineries was created in Britain in 1967 to examine complaints of corruption ?
   (A) Whitley Council
   (B) Ombudsman
   (C) Parliamentary Commissioner
   (D) Procurator-General

14. The President may remove the Chairman or member of the Public Service Commission without making a reference to the Supreme Court. Which is not true in this context ?
   (A) The Chairman or Member is adjudged as insolvent.
   (B) The Chairman or Member engages in some paid employment outside while in office.
   (C) The Chairman or Member is guilty of misbehaviour.
   (D) The Chairman or Member is unfit to continue in Office due to infirmity of mind or body.

15. Civil Services preliminary examination (objective type) for the selection of candidates for the Civil Services (Main) was recommended by
   (A) Hota Committee
   (B) Kothari Committee
   (C) Satish Chandra Committee
   (D) Gopalaswamy Ayyangar Committee

Prepp



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

9. संविधान सभा के विषय में क्या सत्य नहीं है ?
   (A) यह कैबिनेट मिशन की अनुशंसा पर आधारित था ।
   (B) इसका गठन अप्रत्यक्ष चुनाव द्वारा किया गया ।
   (C) प्रत्येक भारतीय राज्य को कम से कम एक सीट दी गई ।
   (D) प्रत्येक प्रांत में सीटों का बँटवारा तीन प्रधान समुदायों के बीच उनकी जनसंख्या के अनुपात में किया गया ।

10. निम्नलिखित में से कौन सा सुमेलित युग्म नहीं है ?

| | | |
|---|---|---|
| (A) | मंत्रिमंडल सचिव | केंद्रीय मंत्रिमंडल का प्रमुख |
| (B) | मुख्य सचिव | राज्य सचिवालय का प्रमुख |
| (C) | सचिव | मंत्रालय का प्रशासकीय प्रमुख |
| (D) | मुख्य मंत्री | राज्य सरकार का प्रमुख |

11. निम्नलिखित में से कौन एक संवैधानिक निकाय नहीं है ?
   (A) अंतर्राज्यीय परिषद्
   (B) वित्त आयोग
   (C) संघ लोक सेवा आयोग
   (D) राष्ट्रीय विकास परिषद्

12. भारत में बजट के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा सही नहीं है ?
   (A) भारत का राष्ट्रपति इसे प्रत्येक वित्तीय वर्ष में दोनों सदनों में प्रस्तुत करता है ।
   (B) यह भारत सरकार के अनुमानित आय और व्यय का विवरण है ।
   (C) संविधान में इसे वार्षिक वित्तीय विवरण के रूप में इंगित किया गया है ।
   (D) भारतीय संविधान में बजट शब्द का स्पष्ट उल्लेख है ।

13. भ्रष्टाचार के आरोपों की जाँच हेतु ब्रिटेन में सन् 1967 में कौन सी मशीनरी बनाई गई थी ?
   (A) व्हिटले कौंसिल
   (B) ओंबड्समैन
   (C) पार्लियामेंटरी कमिश्नर
   (D) प्रोक्यूरेटर – जेनरल

14. मामलों को उच्चतम न्यायालय को संदर्भित किए बिना, राष्ट्रपति द्वारा लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष अथवा सदस्य को निष्कासित किया जा सकता है । इस संदर्भ में कौन सा सही नहीं है ?
   (A) अध्यक्ष या सदस्य को दिवालिया घोषित किया गया हो ।
   (B) अध्यक्ष या सदस्य पद पर बने रहते हुए किसी अन्य रोजगार में रत होकर वेतन प्राप्त करते हों ।
   (C) अध्यक्ष या सदस्य को अभद्र व्यवहार का दोषी पाया गया हो ।
   (D) शारीरिक या मानसिक अक्षमता के कारण अध्यक्ष या सदस्य पद पर बने रहने के योग्य नहीं रह गए हों ।

15. लोक सेवा (प्रधान) हेतु अभ्यर्थियों के चयन हेतु लोक सेवा प्रारंभिक परीक्षा (बहुविकल्पी प्रकार) की अनुशंसा किसके द्वारा की गई थी ?
   (A) होता समिति
   (B) कोठारी समिति
   (C) सतीश चंद्र समिति
   (D) गोपालस्वामी आयंगर समिति



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**16.** Which one among the following is not the primary source of data collection ?

(A) Interview

(B) Observation

(C) Questionnaire

(D) Historical books

**17.** Smt. Durgabai Deshmukh was the first Chairperson of

(A) Central Social Welfare Board

(B) National Commission for Backward Classes

(C) National Commission for Minorities

(D) National Commission for Women

**18.** Which of the following Committee was constituted on the recommendations of the Growmore Food Enquiry Committee ?

(A) Balwantrai Mehta Committee

(B) Ashok Mehta Committee

(C) L.M. Singhvi Committee

(D) Rural-Urban Enquiry Committee

**19.** Article 243-B of Indian Constitution provides for

(A) Constitution of Panchayats

(B) Grama Sabha

(C) Election to the Panchayats

(D) Reservation of Seats in Panchayats

**20.** The Panchayats are described as "Little Republics" by

(A) Metcalfe

(B) Lord Ripon

(C) Lord Hob House

(D) Mahatma Gandhi

**21.** **Assertion (A) :** The tasks of Public Institutions are decided by the Politicians and implemented by Administrators.

**Reason (R) :** Public Institutions perform better when they are decentralized.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are correct, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

**22.** **Assertion (A) :** The Riggsian model of prismatic society is primarily an explanation of the ecology of Thailand.

**Reason (R) :** Riggs' two-dimensional approach means that the prismatic model would include any society that is differentiated but malintegrated.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are correct, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

**23.** **Assertion (A) :** The Comptroller and Auditor General is appointed by the Prime Minister in consultation with the Speaker by warrant under his hand and seal.

**Reason (R) :** The duties, powers and conditions of service of the CAG are laid down in the CAG's Act, 1971.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are correct, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**16.** निम्नलिखित में से कौन सा आंकड़ा संकलन का प्राथमिक स्रोत नहीं है ?

(A) साक्षात्कार

(B) प्रेक्षण

(C) प्रश्नावली

(D) ऐतिहासिक पुस्तकें

**17.** श्रीमती दुर्गाबाई देशमुख निम्नलिखित में किसकी प्रथम अध्यक्ष थीं ?

(A) केंद्रीय समाज कल्याण परिषद्

(B) राष्ट्रीय पिछड़ी जाति आयोग

(C) राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग

(D) राष्ट्रीय महिला आयोग

**18.** निम्नलिखित में से किस समिति का गठन 'अधिक अन्न उपजाओ जाँच समिति' की अनुशंसा के आधार पर किया गया ?

(A) बलवंत राय मेहता समिति

(B) अशोक मेहता समिति

(C) एल.एम. सिंघवी समिति

(D) ग्रामीण-शहरी जाँच समिति

**19.** भारतीय संविधान के अनुच्छेद 243 बी में किसका प्रावधान है ?

(A) पंचायत का गठन

(B) ग्राम सभा

(C) पंचायत के लिए चुनाव

(D) पंचायतों में स्थानों (सीटों) का आरक्षण

**20.** पंचायतों को 'लिटिल रिपब्लिक' किसने कहा है ?

(A) मेटकाफ

(B) लॉर्ड रिपन

(C) लॉर्ड हॉब हाउस

(D) महात्मा गाँधी

**21.** **अभिकथन (A) :** लोक संस्थानों के कार्यों का निर्धारण राजनेताओं द्वारा तथा कार्यान्वयन प्रशासकों द्वारा किया जाता है ।

**तर्क (R) :** लोक संस्थानों का कार्य निष्पादन बेहतर तब होता है जब वे विकेंद्रित होते हैं ।

**कूट :**

(A) (A) तथा (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(B) (A) तथा (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

**22.** **अभिकथन (A) :** रिग्स का समपार्श्वीय समाज का प्रारूप (मॉडल) प्रमुखत: थाईलैण्ड की परिस्थितिकी की व्याख्या है ।

**तर्क (R) :** रिग्स के द्वि-आयामी उपागम का अभिप्राय: है कि समपार्श्वीय मॉडल में ऐसा कोई भी समाज सम्मिलित किया जा सकता है जो विभेदीकृत किन्तु कु-एकीकृत हो ।

**कूट :**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) का (R) सही स्पष्टीकरण है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) का (R) सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

**23.** **अभिकथन (A) :** नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक को, स्पीकर के साथ सलाह कर, प्रधान मंत्री अपने हस्ताक्षर एवं मुद्रा युक्त नियुक्तिपत्र द्वारा नियुक्त करता है ।

**तर्क (R) :** सी ए जी सेवा के दायित्वों, शक्तियों तथा सेवा शर्तों को सी ए जी ऐक्ट 1971 में निर्धारित किया गया है ।

**कूट :**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) का (R) सही स्पष्टीकरण है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) का (R) सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click Know More

24. **Assertion (A) :** For Simon, administrative man looks for a course of action that is best from those available to him.

**Reason (R) :** For Simon, administrative man is motivated by satisfactory outcome.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are correct, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

25. **Assertion (A) :** To provide avenues of public employment to suitable educated Indians, a separate civil service called the statutory civil service was created in 1879.

**Reason (R) :** All India Services maintain the integrity of the Nation.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are correct, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

26. **Assertion (A) :** The UPSC is the designated recruitment agency for the All India Services.

**Reason (R) :** The All India Services provide a valuable link between the Union and the State Governments.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

27. **Assertion (A) :** Planning, Programming, Budgeting was an attempt to integrate budgeting with overall planning for the Government as a whole.

**Reason (R) :** It combines long range planning with results oriented programmes and evaluation.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are correct, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

24. **अभिकथन (A) :** साइमन के अनुसार प्रशासकीय मानव ऐसे कार्यपथ की तलाश करता है जो उपलब्ध सभी विकल्पों में सर्वोत्तम हों ।

**तर्क (R) :** साइमन के अनुसार प्रशासकीय मानव संतोषप्रद परिणाम से अभिप्रेरित होता है ।

**कूट :**

(A) (A) तथा (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(B) (A) तथा (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

25. **अभिकथन (A) :** योग्य शिक्षित भारतीयों को लोक रोजगार का अवसर उपलब्ध कराने हेतु सन् 1879 में एक पृथक् संवैधानिक लोक सेवा का सृजन किया गया ।

**तर्क (R) :** अखिल भारतीय सेवाएँ राष्ट्र की अखंडता कायम करती हैं ।

**कूट :**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) का (R) सही स्पष्टीकरण है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) का (R) सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

26. **अभिकथन (A) :** यू पी एस सी को अखिल भारतीय सेवाओं के लिए भरती करने वाले अभिकरण के रूप में निर्दिष्ट किया गया है ।

**तर्क (R) :** अखिल भारतीय सेवाएँ केंद्र तथा राज्य सरकारों के बीच महत्त्वपूर्ण कड़ी उपलब्ध कराती हैं ।

**कूट :**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) का (R) सही स्पष्टीकरण है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) का (R) सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

27. **अभिकथन (A) :** नियोजन, कार्यक्रमीकरण तथा बजट निर्माण समग्र सरकार के संपूर्ण नियोजन के साथ बजट निर्माण को एकीकृत करने की दिशा में प्रयास था ।

**तर्क (R) :** वह दीर्घावधिक नियोजन को परिणामोन्मुख कार्यक्रमों तथा मूल्यांकन को युक्त करता है ।

**कूट :**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) का (R) सही स्पष्टीकरण है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) का (R) सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

28. **Assertion (A) :** The Public Accounts Committee should satisfy itself that the money shown in the accounts as having been disbursed were legally available for and applicable to the service of purpose to which they have been charged.

**Reason (R) :** The Public Accounts Committee suggests alternative policies in order to bring about efficiency and economy in administration.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are correct, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

29. **Assertion (A) :** Judicial Activism is an effective mean of judicial control over Public Administration.

**Reason (R) :** The PILs have enhanced the judicial control over public administration.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are correct, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

30. **Assertion (A) :** The Comptroller and Auditor General (CAG) is the watchdog of public finance.

**Reason (R) :** The CAG is a constitutional body.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are correct, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

31. What is the correct sequence regarding the evolution of the discipline of Public Administration ? Use the codes given below :

(i) Crisis of identity

(ii) The era of Politics – Administration dichotomy

(iii) Principles of Administration

(iv) Focus on inter-disciplinary studies

**Codes :**

(A) (i), (ii), (iii), (iv)

(B) (ii), (iii), (i), (iv)

(C) (iii), (iv), (ii), (i)

(D) (ii), (iii), (iv), (i)

32. Arrange the following in chronological order of their origin. Use the codes given below :

(i) $1^{st}$ Administrative Reforms Commission

(ii) $3^{rd}$ Minnowbrook Conference

(iii) K. Santhanam Committee

(iv) Sarkaria Commission

**Codes :**

(A) (i), (ii), (iii), (iv)

(B) (ii), (iii), (iv), (i)

(C) (iii), (i), (iv), (ii)

(D) (iii) (i), (ii), (iv)



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**28.** **अभिकथन (A) :** लोक लेखा समिति को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि लेखों से वितरित दिखाया गया धन, कानूनी रूप से उसी सेवा या उद्देश्य के लिए उपलब्ध तथा प्रयुक्त होना चाहिए जिस हेतु यह खर्च किया गया है ।

**तर्क (R) :** लोक लेखा समिति प्रशासन में कार्यकुशलता एवं मितव्ययता लाने हेतु वैकल्पिक नीतियाँ सुझाती है ।

**कूट :**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) का (R) सही स्पष्टीकरण है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) का (R) सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

**29.** **अभिकथन (A) :** न्यायिक सक्रियता लोक प्रशासन पर न्यायिक नियंत्रण का प्रभावी साधन है ।

**तर्क (R) :** पी आई एल के कारण लोक प्रशासन पर न्यायिक नियंत्रण बढ़ा है ।

**कूट :**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) का (R) सही स्पष्टीकरण है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) का (R) सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

**30.** **अभिकथन (A) :** नियंत्रक तथा महालेखा परीक्षक (सी. ए. जी.) लोक वित्त का हितप्रहरी है ।

**तर्क (R) :** सी ए जी एक संवैधानिक निकाय है ।

**कूट :**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) का (R) सही स्पष्टीकरण है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) का (R) सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

**31.** लोक प्रशासन के उद्भव सम्बन्धी सही कालक्रम क्या है ?

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग करके उत्तर दें :

(i) पहचान का संकट

(ii) राजनीति-प्रशासन द्विभाजन का युग

(iii) प्रशासन के सिद्धान्त

(iv) अन्त: शास्त्रीय अध्ययनों पर केन्द्रित

**कूट :**

(A) (i), (ii), (iii), (iv)

(B) (ii), (iii), (i), (iv)

(C) (iii), (iv), (ii), (i)

(D) (ii), (iii), (iv), (i)

**32.** निम्नलिखित का सही कालानुक्रम लिखें और नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन करें :

(i) प्रथम प्रशासनिक सुधार आयोग

(ii) तृतीय मिन्नोब्रुक सम्मेलन

(iii) के. सन्थानम समिति

(iv) सरकारिया आयोग

**कूट :**

(A) (i), (ii), (iii), (iv)

(B) (ii), (iii), (iv), (i)

(C) (iii), (i), (iv), (ii)

(D) (iii) (i), (ii), (iv)



Prepp

Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click

Know More

**33.** Which one of the following is a correct sequence in the ascending order of Maslow's needs' hierarchy ?

(i) Esteem needs
(ii) Affiliation needs
(iii) Self-actualization needs
(iv) Physiological needs
(v) Safety needs

**Codes :**

(A) (i), (ii), (iii), (iv), (v)
(B) (iv), (v), (ii), (i), (iii)
(C) (ii), (v), (i), (iii), (iv)
(D) (iii), (iv), (ii), (i), (v)

**34.** Which is the correct sequence in descending order of following organization ? Give correct answer from codes given below :

(i) Cabinet Secretariat
(ii) Department
(iii) Ministry
(iv) Directorate

**Codes :**

(A) (i), (ii), (iii), (iv)
(B) (i), (iii), (iv), (ii)
(C) (i), (iii), (ii), (iv)
(D) (i), (iv), (iii), (ii)

**35.** Arrange the following in their chronological order. Use the codes given below :

(i) Paul H. Appleby Report
(ii) Gopalaswamy Ayyangar Report
(iii) N.N. Vohra Report
(iv) Raja J. Chelliah Report

**Codes :**

(A) (i), (ii), (iii), (iv)
(B) (ii), (i), (iii), (iv)
(C) (ii), (i), (iv), (iii)
(D) (i), (ii), (iv), (iii)

**36.** What is the correct sequence of execution of Budget ? Answer by using the codes given below :

(i) Disbursement of Funds
(ii) Custody of Public Funds
(iii) Assessment and Collection
(iv) Accounting and Audit

**Codes :**

(A) (i), (ii), (iii), (iv)
(B) (i), (iii), (ii), (iv)
(C) (iii), (ii), (i), (iv)
(D) (iii), (iv), (i), (ii)

**37.** Match List – I with List – II and select the correct answer from the codes given below :

| **List – I** | **List – II** |
|---|---|
| (a) L.D. White | (i) Principles of Public Administration |
| (b) W.F. Willoughby | (ii) Papers on the Science of Administration |
| (c) L. Gulick and L. Urwick | (iii) The Study of Public Administration |
| (d) Dwight Waldo | (iv) Introduction to the Study of Public Administration |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (C) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (D) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**33.** मेस्लो की आवश्यकताओं की क्रमिकता का सही आरोही क्रम क्या है ? नीचे दिए गए कूट की मदद से सही उत्तर दें :

(i) सम्मान सम्बन्धी आवश्यकताएँ
(ii) लगाव व जुड़ाव की आवश्यकता
(iii) आत्म-सिद्धि सम्बन्धी आवश्यकता
(iv) दैहिक आवश्यकताएँ
(v) सुरक्षा सम्बन्धी आवश्यकताएँ

**कूट :**
(A) (i), (ii), (iii), (iv), (v)
(B) (iv), (v), (ii), (i), (iii)
(C) (ii), (v), (i), (iii), (iv)
(D) (iii), (iv), (ii), (i), (v)

**34.** नीचे दिए गए संगठनों का सही अवरोही क्रम क्या है ? उत्तर हेतु नीचे दिए गए कूटों का प्रयोग करें :

(i) कैबिनेट सचिवालय
(ii) विभाग
(iii) मन्त्रालय
(iv) निदेशालय

**कूट :**
(A) (i), (ii), (iii), (iv)
(B) (i), (iii), (iv), (ii)
(C) (i), (iii), (ii), (iv)
(D) (i), (iv), (iii), (ii)

**35.** निम्नलिखित को उनके कालक्रम में व्यवस्थित करें और नीचे दिए गए कूट की मदद से सही उत्तर का चयन करें :

(i) पॉल एच. एप्पलबी रिपोर्ट
(ii) गोपालस्वामी अय्यंगर रिपोर्ट
(iii) एन.एन. वोहरा रिपोर्ट
(iv) राजा जे. चेलैया रिपोर्ट

**कूट** :
(A) (i), (ii), (iii), (iv)
(B) (ii), (i), (iii), (iv)
(C) (ii), (i), (iv), (iii)
(D) (i), (ii), (iv), (iii)

**36.** बजट के क्रियान्वयन का सही क्रम क्या है ? उत्तर हेतु नीचे दिए गए कूट का प्रयोग करें :

(i) निधियों का वितरण
(ii) लोक निधि की सुरक्षा
(iii) आकलन एवं संग्रह
(iv) लेखा एवं अंकेक्षण

**कूट :**
(A) (i), (ii), (iii), (iv)
(B) (i), (iii), (ii), (iv)
(C) (iii), (ii), (i), (iv)
(D) (iii), (iv), (i), (ii)

**37.** सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| (a) एल.डी. व्हाइट | (i) प्रिंसिपल्स ऑफ पब्लिक ऐडमिनिस्ट्रेशन |
| (b) डब्लू.एफ. विलोब्बी | (ii) पेपर्स ऑन दि साइंस ऑफ ऐडमिनिस्ट्रेशन |
| (c) एल.गुलिक तथा एल. उर्विक | (iii) दि स्टडी ऑफ पब्लिक ऐडमिनिस्ट्रेशन |
| (d) ड्वाइट वाल्डो | (iv) इंट्रोडक्शन टू दि स्टडी ऑफ पब्लिक ऐडमिनिस्ट्रेशन |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (C) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (D) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**38.** Match List – I with List – II and select the correct answer by using the codes given below :

| List – I | List – II |
|---|---|
| (a) Ecological Approach | (i) Chris Argyris |
| (b) Behavioural Approach | (ii) W. Niskanen |
| (c) Public Choice Approach | (iii) F.W. Riggs |
| (d) Systems Approach | (iv) David Easton |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (iii) | (iv) | (ii) |
| (B) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |
| (C) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (D) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |

**39.** Match List – I with List – II and select the correct answer from the codes given below :

| List – I | List – II |
|---|---|
| (a) Aitchison Commission | (i) 1935 |
| (b) Federal Public Service Commission | (ii) 1924 |
| (c) Islington Commission | (iii) 1886 |
| (d) Lee Commission | (iv) 1912 |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (B) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (C) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (D) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |

**40.** Match List – I with List – II and select the correct answer from the codes given below :

| List – I | List – II |
|---|---|
| (a) Parliamentary Commissioner | (i) France |
| (b) Administrative Courts | (ii) Russia |
| (c) Ombudsman | (iii) Britain |
| (d) Procurator System | (iv) USA |
| | (v) Sweden |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (v) | (i) | (iii) | (ii) |
| (C) | (iii) | (i) | (v) | (ii) |
| (D) | (ii) | (iv) | (iii) | (v) |

**41.** Match List – I with List – II. Select the correct answer from the codes given below :

| List – I | List – II |
|---|---|
| (a) Lal Bahadur Shastri National Academy of Administration | (i) Bangaluru |
| (b) National Police Academy | (ii) New Delhi |
| (c) Indian Audit and Accounts Service School | (iii) Shimla |
| (d) Indian Institute of Public Administration | (iv) Hyderabad |
| | (v) Mussoorie |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (v) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (v) | (iv) | (iii) | (ii) |
| (C) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (D) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |

**42.** Match List – I with List – II and select the correct answer from the codes given below :

| List – I | List – II |
|---|---|
| (a) Y. Dror | (i) Mixed Scanning Approach |
| (b) A. Etzioni | (ii) Normative Optimum Model |
| (c) David Truman | (iii) Governmental Process (Group Theory) |
| (d) V. Ostrom | (iv) Public Choice Theory |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (B) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (C) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (D) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**38.** सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :

| सूची – I | सूची – II |
|---|---|
| (a) पारिस्थितिकीय उपागम | (i) क्रिस आर्गिरिस |
| (b) व्यवहारपरक उपागम | (ii) डब्ल्यू. निस्कानन |
| (c) लोक चयन उपागम | (iii) एफ डब्लू रिग्स |
| (d) व्यवस्थावादी (सिस्टम्स) उपागम | (iv) डेविड ईस्टन |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (iii) | (iv) | (ii) |
| (B) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |
| (C) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (D) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |

**39.** सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :

| सूची – I | सूची – II |
|---|---|
| (a) एशिचन आयोग | (i) 1935 |
| (b) फैडरल लोक सेवा आयोग | (ii) 1924 |
| (c) इस्लिंगटन आयोग | (iii) 1886 |
| (d) ली आयोग | (iv) 1912 |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (B) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (C) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (D) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |

**40.** सूची – I को सूची – II से मिलान करें । सही उत्तर के लिए नीचे दिए गए कूट का सहारा लें :

| सूची – I | सूची – II |
|---|---|
| (a) संसदीय आयुक्त | (i) फ्रांस |
| (b) प्रशासकीय न्यायालय | (ii) रूस |
| (c) ओम्बुड्समैन | (iii) ब्रिटेन |
| (d) प्रोक्यूरेटर प्रणाली | (iv) यू.एस.ए. |
| | (v) स्वीडन |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (v) | (i) | (iii) | (ii) |
| (C) | (iii) | (i) | (v) | (ii) |
| (D) | (ii) | (iv) | (iii) | (v) |

**41.** सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :

| सूची – I | सूची – II |
|---|---|
| (a) लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी | (i) बंगलुरू |
| (b) राष्ट्रीय पुलिस अकादमी | (ii) नई दिल्ली |
| (c) भारतीय लेखा-परीक्षा एवं लेखा सेवा विद्यालय | (iii) शिमला |
| (d) भारतीय लोक प्रशासन संस्थान | (iv) हैदराबाद |
| | (v) मसूरी |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (v) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (v) | (iv) | (iii) | (ii) |
| (C) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (D) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |

**42.** सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :

| सूची – I | सूची – II |
|---|---|
| (a) वाई. ड्रोर | (i) मिक्स्ड स्कैनिंग अभिगम |
| (b) ए. एट्जियोनी | (ii) नॉर्मेटिव ऑप्टिमम अभिगम |
| (c) डेविड ट्रूमैन | (iii) सरकारी प्रक्रिया (समूह सिद्धांत) |
| (d) वी. ओस्ट्रोम | (iv) लोक चयन सिद्धांत |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (B) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (C) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (D) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**43.** Match List – I with List – II. Select the correct answer from the codes given below :

| List – I | List – II |
|---|---|
| (a) Observation | (i) Facilitates insight into the respondents. |
| (b) Interview | (ii) Data collected are more reliable. |
| (c) Schedule | (iii) The researcher fills up the information collected from respondents himself. |
| (d) Questionnaire | (iv) The respondent has to himself fill the entries. |
| | (v) The time and resources can be saved by selecting a smaller segment of respondents. |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (v) |
| (B) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (C) | (v) | (ii) | (iv) | (iii) |
| (D) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |

**44.** Match List – I with List – II and select the correct answer by using the codes :

| List – I | List – II |
|---|---|
| (a) F.W. Riggs | (i) Development Administration |
| (b) Lucian Pye | (ii) Administrative Reform |
| (c) Gerald Caiden | (iii) Frontiers of Development Administration |
| (d) O.P. Dwivedi | (iv) Aspects of Political Development |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (B) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |
| (C) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (D) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |

**45.** Match List – I with List – II and select the correct answer by using the codes :

| List – I | List – II |
|---|---|
| (a) Mandamus | (i) Writ will not be issued by a High Court to another High Court. |
| (b) Quo Warranto | (ii) Writ will not be issued against the Governor of a State for the performance of his official duties. |
| (c) Prohibition | (iii) Writ enables the court to examine the legality of the claim of a person to a public office. |
| (d) Certiorari | (iv) Writ cannot be issued against private persons or associations. |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (B) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (C) | (i) | (iv) | (ii) | (iii) |
| (D) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |

**46.** Match List – I with List – II and select the correct answer from the codes given below :

| List – I | List – II |
|---|---|
| (a) B.R.G.F. | (i) A scheme concerned with infra-structural development in 6 key areas. |
| (b) MNREGA | (ii) A scheme to bridge the gap of requirements and availability of funds for development in rural areas. |
| (c) Bharat Nirman | (iii) A scheme for universalisation of elementary education |
| (d) R.M.S.A. | (iv) A scheme for assured employment of at least 100 days |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (C) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (D) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**43.** सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| (a) प्रेक्षण/अवलोकन | (i) उत्तरदाताओं को अंतर्दृष्टि प्रदान करता है । |
| (b) साक्षात्कार | (ii) संकलित आँकड़े अधिक विश्वसनीय होते हैं । |
| (c) (शिड्यूल) अनुसूची | (iii) उत्तरदाताओं से प्राप्त सूचना को शोधकर्ता स्वयं दर्ज करता है । |
| (d) प्रश्नावली | (iv) उत्तरदाता सूचना स्वयं दर्ज करता है । |
| | (v) उत्तरदाताओं के एक छोटे से भाग का चयन कर समय तथा संसाधनों की बचत की जा सकती है । |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (v) |
| (B) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (C) | (v) | (ii) | (iv) | (iii) |
| (D) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |

**44.** सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| (a) एफ डब्लू रिग्स | (i) डेवलपमेंट ऐडमिनिस्ट्रेशन |
| (b) लूसियन पाई | (ii) ऐडमिनिस्ट्रेटिव रिफार्म |
| (c) गेराल्ड कैडेन | (iii) फ्रंटियर्स ऑफ डेवलपमेंट ऐडमिनिस्ट्रेशन |
| (d) ओ.पी. द्विवेदी | (iv) एस्पेक्ट्स ऑफ पॉलिटिकल डेवलपमेंट |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (B) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |
| (C) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (D) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |

**45.** सूची – I का सूची – II से मिलान करें और नीचे दिए गए कूट की मदद से सही उत्तर का चयन करें :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| (a) परमादेश | (i) एक उच्च न्यायालय द्वारा दूसरे उच्च न्यायालय को यह याचिका जारी नहीं की जाएगी । |
| (b) अधिकार पृच्छा | (ii) यह याचिका एक राज्यपाल को उसके द्वारा अपने सरकारी कर्तव्यों के निर्वहन के विरुद्ध नहीं जारी की जाएगी । |
| (c) मनाही | (iii) यह याचिका किसी व्यक्ति के एक सार्वजनिक पद के वैधानिक दावे की जाँच करने का न्यायालय को अधिकार देती है । |
| (d) उत्प्रेषण | (iv) यह याचिका निजी लोगों या संगठनों के विरुद्ध जारी नहीं की जा सकती । |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (B) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (C) | (i) | (iv) | (ii) | (iii) |
| (D) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |

**46.** सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| (a) बी.आर.जी.एफ. | (i) छः मुख्य क्षेत्रों में आधारभूत संरचना के विकास हेतु योजना |
| (b) मनरेगा | (ii) ग्रामीण क्षेत्रों में विकास हेतु धन की आवश्यकता तथा उपलब्धता के अंतर को पाटना |
| (c) भारत निर्माण | (iii) प्रारंभिक शिक्षा के सार्वत्रिककरण की योजना |
| (d) आर.एम.एस.ए. | (iv) कम से कम 100 दिवसों का रोजगार सुनिश्चित करने की योजना |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (C) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (D) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

Read the passage below and answer the questions that follow based on your understanding of the passage : (**47 – 50**)

The main function of civil service is formulation and implementation of public policy. The civil service engages itself in collection of relevant data and information in order to identify the crux of the problem. The civil service, specially at the secretariat level, is considered as the 'think tank' of the Government and it helps in making sound and effective policies. The civil servants also administer the law of the land. They are to implement and execute the law of the land faithfully and impartially. In finance, the civil servants not only prepare the budget but also influence the taxation and expenditure policy of the government to a great extent. Today they perform quasi-legislative and quasi-judicial functions also. Public relations has become an important part of their official duties. Therefore, they are expected to explain the Government policy to the people and to win their co-operation in its implementation. In a country like India, civil servants are entrusted the responsibility of implementing various programmes of rural development and welfare measures.

Recent decades have seen a shift towards a reduced role for the Government in all countries. Thatcherism in UK and Reaganomics in USA tried to pull out the State from the morass of over-involvement. The decline of Communism in Eastern Europe has furthered the trend towards economic liberalisation and disinvestment in public sector enterprises. India could not have remained unaffected by these global trends.

**47.** Which one of the following is not the area of Civil Servants ?

(A) Collection of Data

(B) Identification of problem

(C) Think-tank of the Government

(D) Enactment of Law

**48.** Civil Servants are not discharging the following :

(A) Execution of Law of the land

(B) Preparation of the budget

(C) Contacting the people and explaining the programmes of Government

(D) Judicial activities

**49.** Which one of the following factors has not contributed to the rise of globalization ?

(A) Thatcherism in UK

(B) Reaganomics in USA

(C) Decline of Communism in Eastern Europe

(D) Growth of Social Legislation

**50.** Which one of the following areas is <u>not</u> the concern of the Government Policy in recent trends ?

(A) Disinvestment in Public Enterprises

(B) Increasing the efficiency of Civil Servants

(C) Enlarging the role of Government

(D) Deregulation of Monopolies



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**(47 – 50)** : नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़िए तथा इस गद्यांश की अपनी समझ के आधार पर इसके बाद दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

लोक सेवा का मुख्य कार्य लोक-नीति का निरूपण तथा कार्यान्वयन है । समस्या के मूल की पहचान करने के लिए लोक सेवा प्रासंगिक आँकड़ों तथा सूचना के संकलन में संलग्न रहती है । विशेषत: सचिवालय के स्तर पर, लोक सेवा को सरकार का 'थिंक टैंक' (दिमाग) माना जाता है तथा यह ठोस एवं प्रभावशील नीतियों के निर्माण में सहायक है । लोक सेवक देश के कानून को भी लागू करते हैं । उन पर कानून को निष्ठापूर्वक तथा निष्पक्षतापूर्वक लागू करने का दायित्व है । वित्त-व्यवस्था में वे न केवल बजट बनाते हैं बल्कि सरकार की कराधान एवं व्यय-नीति को भी अत्यधिक प्रभावित करते हैं । आजकल वे अर्ध-विधायी एवं अर्ध न्यायिक कार्यों को भी सम्पादित करते हैं । जन-सम्पर्क उनके सरकारी कार्यों का एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा बन गया है । अत: उनसे यह अपेक्षा भी की जाती है कि वे जनता को सरकार की नीति स्पष्ट करें तथा इसके कार्यान्वयन में जनता की सहभागिता प्राप्त करें । भारत जैसे देश में, ग्रामीण विकास तथा कल्याण के उपायों से संबंधित सरकारी कार्यक्रमों के कार्यान्वयन का दायित्व भी लोक सेवकों को सौंपा गया है ।

हाल के दशकों में, प्रत्येक देश में सरकार की घटती हुई भूमिका देखने को मिलती है । यू.के. में थैचरवाद तथा यू.एस.ए. में रीगन की आर्थिक नीतियों ने राज्य को अति-संलिप्तता के दलदल से बाहर निकालने का प्रयास किया । पूर्वी यूरोप में साम्यवाद के पतन ने आर्थिक स्वतंत्रता तथा सार्वजनिक क्षेत्र के उद्‌यमों में विनिवेश की प्रवृत्ति को बढ़ावा दिया । इस वैश्विक प्रवृत्ति से भारत भी अप्रभावित नहीं रह पाया है ।

**47.** निम्नलिखित में से कौन सा लोक सेवकों के क्षेत्र में नहीं आता ?

(A) आंकड़ा संग्रह करना

(B) समस्या की पहचान करना

(C) सरकार का 'थिंक टैंक' होना

(D) कानून बनाना

**48.** लोक सेवक किस कार्य का निर्वहन नहीं करते ?

(A) देश के कानून को लागू करना

(B) बजट बनाना

(C) लोगों से संपर्क करना तथा उनको सरकारी कार्यक्रमों की व्याख्या करना

(D) न्यायिक क्रिया कलाप

**49.** निम्नलिखित में से किस तत्त्व ने वैश्वीकरण के अभ्युदय में योगदान नहीं किया है ?

(A) यू.के. में थैचरवाद

(B) यू.एस.ए. में रीगन की आर्थिक नीतियाँ

(C) पूर्वी यूरोप में साम्यवाद का पतन

(D) सामाजिक विधायन का विकास

**50.** नवीन प्रवृत्तियों में, सरकारी नीति का सरोकार निम्नलिखित में से किस क्षेत्र से नहीं है ?

(A) सार्वजनिक उद्यमों से विनिवेश

(B) लोक सेवकों की कार्यकुशलता में वृद्धि

(C) सरकार की भूमिका बढ़ाना

(D) एकाधिकारों का विनियंत्रण



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

prepp

# Latest Sarkari jobs, Govt Exam alerts, Results and Vacancies

- Latest News and Notification
- Exam Paper Analysis
- Topic-wise weightage
- Previous Year Papers with Answer Key
- Preparation Strategy & Subject-wise Books

To know more **Click Here**

www.prepp.in